जनपद हमीरपुर

दिनांक 14.04.2026

डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर थाना राठ में जुलूस का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था रही सुदृढ़

आज दिनांक 14.04.2026 को डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जनपद के थाना राठ क्षेत्र अंतर्गत निकाले गए जुलूस के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर पहुंचकर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जुलूस मार्ग, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस बल की सतर्कता का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जुलूस शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी राठ भी मौके पर उपस्थित रहे तथा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।